This question paper contains 4 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| S. No. of Question Paper | : | **5585** |
| Unique Paper Code | : | **205640** |
| Name of the Paper | : | **Hindi B** |
| Name of the Course | : | **B.A. (Prog.)** |
| Semester | : | **VI** |

**G**

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) नारी-जनों की दुर्दशा हमसे कही जाती नहीं,
लज्जा बचाने को अहो! जो वस्त्र भी पाती नहीं।
जननी पड़ी है और शिशु उसके हृदय पर मुख धरे,
देखा गया है, किन्तु वे माँ-पुत्र दोनों हैं मरे!

**अथवा**

विद्या बिना अब देख लो, हम दुर्गुणों के दास हैं;
हैं तो मनुज हम, किन्तु रहते दनुजता के पास हैं।
दायें तथा बायें सदा सहचर हमारे चार हैं–
अविचार, अन्धाचार हैं, व्यभिचार, अत्याचार हैं! 8

P.T.O.

(ख) राजनीति एक दर्शन थी, मनुष्य को श्रेष्ठ और सुन्दर बनाने के लिए। तुम्हारी आज की राजनीति उसी मनुष्य को बर्बाद कर सिर्फ वही सत्ता और 'लग्ज़री' हथियाने का 'शॉर्टकट' है।

**अथवा**

जब से नौकरी में आये, दिन-रात वही काम.....काम......काम!.....और कोई कुछ जैसे इस दुनिया में है ही नहीं।

मैं औरों की तरह नहीं हो सकता।

तभी मुझे इतने 'एन्वायरन्मेंट' की जरूरत महसूस होती रही। और मैं............ 8

(ग) अम्बपाली पर चारों ओर से फूलों की वर्षा हो रही थी। वह फूलों में ढकी जा रही थी। अट्टालिकाओं और चित्रशालाओं से सेट्ठि लोग फूलों के गुच्छ उन पर फेंक रहे थे और वह हँस-हँस कर उन्हें हाथ में उठा हृदय से लगा नागरिकों के प्रति अपने प्रेम का परिचय दे रही थीं। लोग हर्ष से उन्मत्त होकर जनपद-कल्याणी देवी की जय-जयकार घोषित कर रहे थे।

**अथवा**

अम्बपाली एक ही क्षण में उस कुटी में उस युवक के अभाव को इतना अधिक अनुभव करने लगी जैसे समस्त विश्वं में ही कुछ अभाव रह गया हो। उसकी इच्छा हुई कि पुकारे – कहाँ हो, कहाँ हो तुम, अरे ओ, अरे ओ कुसुम-कोमल, वज्र-कठिन, तुमने कैसे मुझे आक्रांत कर लिया ? 7

'भारती-भारती' के आधार पर तत्कालीन भारत की स्थिति का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

'भारत-भारती' के संदेश को स्पष्ट कीजिए। 15

'मिस्टर अभिमन्यु' के आधार पर राजन और आत्मन के अन्तर्विरोध को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'मिस्टर अभिमन्यु' के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए। 15

'वैशाली की नगरवधू' उपन्यास के आधार पर अम्बपाली का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

'वैशाली की नगरवधू' उपन्यास के आधार पर बौद्धकालीन सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए। 15

5. किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 7

(क) मिस्टर अभिमन्यु की नाट्यभाषा

(ख) भारत-भारती की काव्यभाषा

(ग) वैशाली की नगरवधू की कथाभाषा।